
# गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम समाचार पत्र | 2024

RURAL Immersion Programme

October 20-25, 2024

Volume 9 | Wednesday, October 25, 2024 | Parivartan




## छठा एवं अंतिम दिन, **25** अक्टूबर **2024**

आज सुबह 5 बजे सभी बच्चें एवं शिक्षक जगे | फ्रेश हुए नहाये उसके बाद नाश्ता के लिए निकले | आज सुबह **7:30** बजे से पिछले **6** दिनों मे किये गए कार्य की फाइनल प्रस्तुति होनी थी इसलिए सभी ने जल्दी जल्दी से अपना नाश्ता पूरा किया एवं सभागर में इक्कठा हो गए | सुबह **7:30** बजे से **11:30** बजे तक बारी बारी से सभी **6** समूह ने इक्कठा किये गए आकड़ों के आधार पर अपनी प्रस्तुतियां दी | इस प्रस्तुति के दौरान बारी बारी से इक्कठा किये गए आकड़ों से जुड़ें कई सारे सवाल दर्शकों के तरफ से किये गए | इस सत्र मे बच्चों ने काफी व्यवस्थित तरीके से एवं धैर्य के साथ प्रत्येक प्रश्न का उतर दिया |





प्रस्तुति एवं प्रश्न उतर के सत्र के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी जिरादेई द्वारा बच्चों का मनोबल बढाया गया एवं बच्चों द्वारा किये गए इस साहसिक कार्य की प्रशंसा की गयी | इसके बाद प्रत्येक समूह के बच्चों को परिवर्तन सदस्य एवम गाँव से आये जनप्रतिनिधियों के हाथों प्रमाणपत्र का वितरण किया गया | प्रस्तुति सत्र के बाद बच्चों ने चाट पार्टी में सहभागिता की | इसके बाद दोपहर **1:20** बजे पटना के लिए निकल गए | इस प्रकार इस वर्ष का गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम यहीं पर समाप्त हुआ |





धन्यवाद !

For more information on Parivartan, do visit www.parivartanbihar.org

RURAL Immersion Programme

October 20-25, 2024

# गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम समाचार पत्र | 2024

Volume 9 | Wednesday, October 24, 2024 | Parivartan



## पांचवा दिन, **24** अक्टूबर **2024**

आज सुबह 5 बजे सभी बच्चें एवं शिक्षक जगे | फ्रेश हुए उसके बाद योगा सत्र में शामिल होने परिवर्तन के मुक्ताकाश मंच के तरफ चल दिए | मुक्ताकाश मंच पर योगा सत्र का सञ्चालन हुआ | योग सत्र के बाद पुनः सभी बच्चें एवं शिक्षक स्नान करने एवं तैयार होने हेतु अपने अपने कमरे में गए | तैयार हो जाने के बाद सुबह के नाश्ते पर आये | 8:15 बजे तक सभी ने अपना नाश्ता पूरा कर लिया | आज स्पार्क्स एवं होप्स कार्यक्रम के तहत अलग अलग कुल **6** गाँव में जाना था एवं गाँव से सम्बंधित कई नयी जानकारियों को इक्कठा करन था | इस भ्रमण के साथ साथ देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी के पैत्रिक आवास पर भी जाना था





नाश्ता के तुरंत बाद परिवर्तन के सहयोगी सदस्यों के साथ भ्रमण हेतु निकलने के लिए तैयार हो गए | सुबह 8:30 -12:00 बजे तक अलग अलग कुल **6** गाँव का भ्रमण हुआ उसके बाद सभी समूह के सदस्य डॉ राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर पहुंचे | वहां पहुँचने के बाद उनके घर के प्रत्येक कमरों एवं पुरे मकान का अच्छे से भ्रमण किये | इस दौरान कई नयी जानकारियां प्राप्त किये | डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन को और गहराई से समझाने हेतु बच्चों के बीच प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ | इस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता मे सभी बच्चों ने अपनी सम्पूर्ण भागीदारी की | इस सत्र के बाद सभी टीम के सदस्य पुनः परिवर्तन के लिए लौट गए | परिवर्तन पहुचने के बाद दोपहर का खाना खाए एवं अपने अपने कमरे मे आराम करने चले गए |





थोड़ी देर आराम करने के बाद सभी बच्चें एवं शिक्षक परिवर्तन के सभागर में इकठ्ठा हुए | अब अगला सत्र कल्चरल मिक्स का आयोजित होना था | इस सत्र मे दिल्ली पब्लिक स्कुल पटना एवं परिवर्तन रंगमंडली टीम द्वारा कई सारे बेहतर गीत संगीत एवं नाटक की प्रस्तुति की गयी | सभी प्रस्तुतियां दर्शकों को काफी पसंद आयी | इस सत्र के बाद सभी ने शाम का नाश्ता किया एवं कल दिए जाने वाले प्रस्तुति पर काम करने हेतु अलग अलग समूहों मे बंटकर अपने अपने क्लास रूम के तरफ चले | लगभग 3 घंटे के गहन चिंतन, विचार विमर्श एवं मेहनत से पिछले 5 दिनों के कार्य के दौरान इकठ्ठा किये गए सभी आकड़ों को प्रस्तुति हेतु समेकित किया गया | इस काम के बाद सभी बच्चें खाना खाए एवं अपने अपने कमरे की तरफ सोने के लिए निकल चले क्योंकि कल सुबह ही इनकी पिछले 6 दिनों के कार्य की फाइनल प्रस्तुति होनी थी | इस प्रकार आज का दिन यहीं समाप्त हुआ |







RURAL
Immersion Programme

October 20-25, 2024

# गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम समाचार पत्र | 2024

**Volume 9 | Wednesday, October 23, 2024 | Parivartan**



### चौथा दिन, **23** अक्टूबर **2024**

आज सुबह 5 बजे सभी बच्चें एवं शिक्षक जगे | फ्रेश हुए उसके बाद योगा सत्र में शामिल होने परिवर्तन के मुक्ताकाश मंच के तरफ चल दिए | मुक्ताकाश मंच पर योगा सत्र का सञ्चालन हुआ | योग सत्र के बाद पुनः सभी बच्चें एवं शिक्षक स्नान करने एवं तैयार होने हेतु अपने अपने कमरे में गए | तैयार हो जाने के बाद सुबह के नाश्ते पर आये | 8:15 बजे तक सभी ने अपना नाश्ता पूरा कर लिया | आज गाँव भ्रमण का अंतिम दिन था इसलिए तय योजना अनुसार अपने परियोजना को पूरा करने के मजबूत इरादों के साथ सभी टीम सुबह 8:30 बजे गाँव भ्रमण के लिए निकली |





आज सभी अलग अलग 6 समूह, शिक्षा, कृषि, रंगमंच, सामुदायिक खेल, आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण की टीम गाँव से इकठ्ठा किये जाने वाले सभी आकड़ों को फाइनल रूप से इकठ्ठा कर ली | गाँव के गलियों सडकों एवं अन्य पहचान चिन्ह का भी ध्यान रख लीये ताकि फाइनल प्रस्तुति तैयार करने वक्त कोई परेशानी न हो | सभी आकड़ों को इकठ्ठा करने के पश्चात सभी लोग लौटकर परिवर्तन आये | दोपहर 1:30 बजे उनका दोपहर का खाना हुआ उसके बाद सभी लोग अपने अपने कमरे में आराम करने के लिए चले गए | लगभग 1 घंटे के अन्तराल के बाद सभी लोग पुनः सभागार में इकठ्ठा हुए | इस बैठक में सभी लोग गाँव से इकठ्ठा किये गए सभी आकड़ों को पुनः एकत्रित कर प्रस्तुति का एक फाइनल रफ स्वरुप तैयार किये | इस दौरान सभी बच्चों को मेंटर शिक्षक द्वारा उन सभी बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट करवाया गया जिस उद्देश्य के तहद वो यहाँ आये थे | प्रत्येक बिन्दुओं को विस्तार से समझाया गया साथ ही साथ इस बिंदु के आधार पर बनाये जाने वाले प्रस्तुति का फाइनल स्वरुप कैसा हो इसपर भी मार्गदर्शन किया गया | प्रस्तुति बनाते समय इस बात का ध्यान रखने का विशेष आग्रह किया गया कि ये प्रस्तुति किसके लिए और क्यूँ बनायीं जा रही है इस बात का भी ध्यान रखना आवश्यक है | लगभग 1:30 घंटों तक सभी टीम के सदस्य आपस में मिलकर रिपोर्ट बनाने पर काम किये |





उसके उपरांत शाम 4:30 -5:30 बजे आयोजित होने वाले खेल सत्र में भाग लेने चले गए | आज डीपीएस टीम एवं परिवर्तन टीम के बिच फुटबॉल एवं कबड्डी मैच का आयोजन हुआ | दोनों टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया | खिलाडियों की प्रस्तुति काबिले तारीफ रही | आज के दोनों मैच मे परिवर्तन टीम विजेता बनी | दर्शक के रूप में उपस्थित शिक्षक एवं बच्चे भी खूब खुलकर इस मैच का आनंद लिए | मैच के बाद अब समय हो चला था शाम के नाश्ते का | शाम के नाश्ता के बाद सभी टीम के सदस्य पुनः एक घंटे के लिए अपने अपने समूहों में बैठे एवं आगे का प्रोजेक्ट कार्य पूरा किये | संध्या 7:30 -9:00 बजे तक देश के प्रसिद्ध गिटार वादक रोहितोम सरकार की प्रस्तुति देखने को मिला | स्पिक मैके का कार्यक्रम ख़त्म हो जाने के बाद सभी बच्चें एवं शिक्षक रात्री भोजन के लिए कैंटीन के तरफ प्रस्थान किये | 9:00-9:45 तक रात्री भोजन हुआ उसके पश्चात पुनः सभी बच्चें एवं शिक्षक परिवर्तन के सभागार के इकट्ठा हुए | यहाँ भी बचे हुए परियोजना पर काम हुआ एवं कल के कल्चरल मिक्स की तैयारी हुयी | इस सत्र के बाद सभी लोग रात्री 10:45 बजे अपने अपने कमरे में सोने के लिए चले गए | इस प्रकार आज के दिन की समाप्ति यहीं हुयी |





For more information on Parivartan, do visit www.parivartanbihar.org



RURAL
Immersion Programme
October 20-25, 2024

# गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम समाचार पत्र | 2024

Volume 9 | Tuesday, October 22, 2024 | Parivartan



## तीसरा दिन, 22 अक्टूबर 2024

आज के दिन की शुरुआत योगा से हुयी | सुबह सभी बच्चें एवं शिक्षक निर्धारित समय 05:00 बजे जग गए  फ्रेश होने के बाद योगा सत्र के लिए इकट्ठा हुए | सुबह 5:30-6:15 बजे तक योगा सत्र संचालित हुआ |  इसके बाद सभी बच्चें फ्रेश हुए एवं फील्ड के लिए तैयार हुए | तैयार होने के बाद नाश्ता हुआ उसके तुरंत बाद पूरी टीम अपने अपने गांवो के लिए निकल गयी | आज गाँव भ्रमण का दूसरा दिन था |





सुबह 8:30 -01:00 बजे तक सभी टीम गाँव में रही एवं अपना सर्वे का काम पूरा की | इस काम के बाद सभी टीम दोपहर 1:00 बजे तक परिवर्तन पहुँच गयी | दोपहर का भोजन हुआ उसके बाद सभी लोग अपने अपने कमरे के तरफ आराम करने चले गए | दोपहर 2:00-3:00 बजे तक आराम करने का समय दिया गया था | इसके बाद अगले सत्र के लिए सभी बजे सभागार में एकत्रित हुए | 03:00-4:00 बजे तक एक बहुत ही महत्वपूर्ण सत्र संचालित हुआ जहाँ परिवर्तन संस्था द्वारा पिछले 11 वर्षों में समुदाय के लिए किये गए विभिन्न प्रयास का क्या प्रभाव रहा इसको समझना था | इस सत्र का नाम था बदलाव “मेरे हिस्से की कहानी” |  कुल 1 घंटे के  सत्र में परिवर्तन से जुड़े कुल 8 लाभार्थियों ने अपने जीवन मे आये बदलाव एवं उस बदलाव हेतु परिवर्तन द्वारा किये गए प्रयासों पर प्रकाश डाला | इस सत्र के बाद DPS टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया |





अब समय हो चला था आज के खेल सत्र का इसलिए सभी बच्चों को एक घंटे का ब्रेक दिया गया जहाँ वो अपने मन पसंद के खेल में भाग ले सकते थे | इस सत्र के बाद सभी बच्चें एवं शिक्षक लर्निंग वाक के लिए तैयार थे | परिवर्तन के कुल **8** वालंटियर्स के साथ सभी बच्चें एवम शिक्षक अलग अलग कुल 4 गाँव में भ्रमण किये एवं समझने का प्रयास किये कि दिन समाप्ति के समय संध्या बेला में गाँव अपने आप को कैसे समेटता है | संध्या बेला में गाँव मे क्या क्या होता है | कुल **1** घंटे के भ्रमण के बाद सभी टीम परिवर्तन मे उपस्थित हुयी |




काफी छोटे से विराम के बाद अब सभी टीम फाइनल प्रस्तुति सत्र के अभ्यास एवं अन्य आवश्यक आकड़ों एवं बिन्दुओं को समझने हेतु सभागार में इकठ्ठा हुयी | यहाँ कुल 3:00 घंटे तक सभी टीम के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुतियां दी | उसके बाद मेंटर शिक्षक द्वारा फाइनल डाटा कलेक्शन के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए | सभी टीम ने अपने अपने प्रस्तुतियों में दिख रही कमी पर ध्यान दिया उसके बाद कल के अंतिम गाँव भ्रमण में क्या क्या और कैसे कैसे इकठ्ठा करना है इसकी तैयारी के साथ सोने चले गए | इस प्रकार आज के दिन की यहीं समाप्ति हुयी |

For more information on Parivartan, do visit www.parivartanbihar.org

RURAL Immersion Programme
October 20-25, 2024

# गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम समाचार पत्र | 2024

Volume 9 | Monday, October 21, 2024 | Parivartan



## दूसरा दिन, 21 अक्टूबर 2024

कार्यक्रम का आज दूसरा दिन था | आज के दिन की शुरुआत योगा सत्र से हुयी | सुबह सभी बच्चें अपने निर्धारित समय पर जगे उसके बाद परिवर्तन के मुक्ताकाश मंच पर आये | यहाँ इनका कुल 45 मिनट तक योग सत्र चला | शारीरिक एवं मानसिक रूप से योग के माध्यम से कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है इसपर कई नयी जानकारियां प्राप्त हुयी | उसके उपरांत सभी लोग अपने अपने कमरे के तरफ लौटे | फ्रेश हुए उसके बाद नाश्ता हुआ | नाश्ता के तुरंत बाद सभी लोग सभागार में इकठ्ठा हुए जहाँ से इन्हें आज के पहले दिन के गाँव भ्रमण के योजना के बारे में संक्षेप में बताया गया | पहले से निर्धारित समय पर सभी बच्चे सुबह 8:30 बजे अपने अपने समूह शिक्षक एवं लोकल वालंटियर्स के साथ गांवो के लिए निकल गए |





अलग अलग 6 समूहों में बंटकर सभी बच्चों ने लगभग 4 घंटा इन्ही गांवों को समझने में बिताया | वहां के लोगो की आवाश्याओं को समझने एवं उसके लिए किये जा रहे विभिन्न प्रयासों को समझने में बिताया | गाँवों की वास्तविक स्थिति समझने हेतु उनके पास पहले से प्रश्नोतरी तैयार था | इन्ही के आधार पर ये लोग गांवो से आकड़ा संग्रह किये | गांव भ्रमण ख़त्म हो जाने के बाद सभी लोग पुनः परिवर्तन परिसर में एकत्रित हुए एवं दोपहर का खाना खाए | दोपहर के खाने के बाद सभी बच्चें एवं शिक्षक अपने अपने कमरे में आराम करने चले गए |




लगभग 1 घंटा के आराम के बाद पुनः सभागार में एकत्रित हुए | आज यहाँ बिहार के वर्तमान शिक्षा मंत्री एवं **1987** बैच के **IPS** अधिकारी श्री सुनील कुमार के साथ रूबरू होना था | कुल **1** घंटा का सत्र श्री सुनील कुमार जी के साथ आयोजित किया गया | इस दौरान उन्होंने ग्रामीण जीवन दर्शन की आवश्कता पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों का देश के प्रति उनकी क्या जिम्मेवारियां हो सकती है उसपर ध्यान आकृष्ट करवाया | बच्चों ने भी कई सारे सवाल जबाब किये | ये सत्र काफी प्रेरणादायक एवं जानकारियों से भरा था | इस सत्र के बाद सभी के पास अब खेलने का समय था | लगभग 1 घंटा तक सभी बच्चों ने अपने रूचि अनुसार फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिन्टन आदि खेलों को खेला | उसके बाद शाम का नाश्ता किये | नाश्ता उपरांत अल्प विराम के बाद सभी को पुनः सभागार में इकट्ठा कर आज के भ्रमण पर तैयार रिपोर्ट को प्रस्तुत करना था | सभी समूह ने बारी बारी से अपनी प्रस्तुतियां दी एवं आगे इकठ्ठा किये जाने वाले आकड़ों का स्वरुप तैयार किया |





समय काफी हो चला था | इस सत्र के बाद सभी लोग डीपीएस के सचिव के घर ग्राम नरेन्द्रपुर मे रात्री भोजन करने गए | सभी लोगों ने भोजन किया एवं कल की तैयारी के साथ सोने चले गए | इसप्रकार आज के दिन की यहीं समाप्ति हुयी |

For more information on Parivartan, do visit www.parivartanbihar.org

RURAL Immersion Programme
October 20-25, 2024

# **गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम** समाचार पत्र | 2024

**Volume 9 | Sunday, October 20, 2024 | Parivartan**




## पहला दिन, **20** अक्टूबर **2024**

**गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम** के तहद दिल्ली पब्लिक स्कुल पटना से सुबह 7:00 बजे लगभग 159 बच्चों के साथ कुल 6 बस सिवान परिवर्तन के लिए रवाना हुयी | 5:30 घंटे के लम्बे अन्तराल के बाद सभी बस दोपहर 12:40 बजे परिवर्तन के मुख्य द्वार पर पहुँच चुकी थी | परिवर्तन टीम द्वारा भव्य रूप से टिका चन्दन एवं गाजे बाजे के साथ सभी शिक्षाओं एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया | स्वागत उपरांत सभी लोग परिवर्तन परिसर के बीचोबीच बने सभागार में एकत्रित हुए जहाँ पर सभी का पंजीकरण हुआ | पंजीकरण उपरांत सभी बच्चे दो हिस्सों में बंटकर (लड़कियां परिवर्तन परिसर एवं लड़के संगत सम्मलेन केंद्र ) अपनेअपने कमरे में आराम करने हेतु चले गए |





अल्प अवधी के विराम के बाद बच्चे सभागार में एकत्रित हुए | यहाँ इस पुरे कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत एवं इस कार्यक्रम सहित परिवर्तन द्वारा समुदाय विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों से अवगत होना था | तय योजना अनुसार श्लोक एवं प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी | उसके बाद परिवर्तन कार्यक्रम समन्वयक द्वारा सभी का स्वागत करते हुए परिवर्तन के प्रयासों से सभी को अवगत करवाया गया | इस सत्र में आये तीन मेहमान प्रसिद्ध लेखक एवं लोक गायक सुखनंदन यादव जी, बलिया पंचायत की वार्ड नंबर 3 की वार्ड सदस्य मीरा देवी जी एवं परिवर्तन जनहितार्थ किसान उत्पाद क.ली. के कोषाध्यक्ष उमाशंकर सिंह जी द्वारा इस कार्यक्रम के तहद आये बच्चों को गाँव से जुड़ना क्यों जरुरी है इस विषय पर अपनी बात रखी गयी एवं परिवर्तन के प्रयासों को विस्तार से बताया गया | इसके बाद सभी बच्चों को अलग अलग 6 समूह में बांटकर सभी को पुरे परिसर का भ्रमण करवाया गया एवं सभी गतिविधियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां दी गयी |






शाम 06:30 बजे शाम के नाश्ते के बाद सभी बच्चें एवं शिक्षक अलग-अलग 6 समूह, शिक्षा, कृषि, सामुदायिक रंगमंच, सामुदायिक खेल, आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण में विभक्त हुए | इस सत्र में परिवर्तन के लोकल वालंटियर्स एवं सभी बच्चों का आपसी परिचय हुआ तदोपरांत कल सुबह किस-किस गाँव में और कैसे-कैसे जाना है इसकी विस्तृत योजना बनायी गयी | कल सुबह के भ्रमण में जाने हेतु सभी बच्चों के सैकड़ों सवाल तैयार किये थे जिसपर उन्हें काम करना था उसपर भी चर्चा की गयी | कल की योजना पूरी हो जाने के बाद तय समय 07:30 बजे सभी बच्चें परिवर्तन के मुक्ताकाश मंच पर इकठ्ठा हुए | लगभग 1 घंटे तक देश की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना इलिशा दीप गर्ग जी की प्रस्तुतियों को बच्चों ने देखा | इस प्रस्तुति के बाद पूरी टीम रात्री भोजन की एवं सोने चले गए |
आज के दिन की समाप्ति यहीं हुयी |









For more information on Parivartan, do visit www.parivartanbihar.org